हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 2 अप्रैल, 2015/12 चैत्र, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 13

पर्यटन नीति

864 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में समग्र पर्यटन के विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए सतत् पर्यटन नीति 2013 अनुमोदित की है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ?

पाठशालाओं का उन्नयन

865 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)** ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च पाठशालाओं को स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में इस चुनाव क्षेत्र में कुल कितनी उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं; सूची सभा पटल पर रखें ?

पाठशालाओं हेतु धनराशि

866 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पिछड़ी पंचायतों में चल रहे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक व उच्च पाठशालाओं की कितनी संख्या है; और

(ख) वर्ष 2013-14 व 2014-15 में इन पाठशालाओं के लिए कितना-कितना बजट किस-किस कार्यों हेतु दिया गया; ब्यौरा दें ?

सब्जी मण्डी का निर्माण

867 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सब्जी मण्डी खोलने का विचार रखती है; और
(ख) यदि हां, तो कहां इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ; ब्यौरा दें ?

ट्रांसफार्मर की स्थापना

868 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गांव कनहाल नं0-1 का बिजली ट्रांसफार्मर जल गया है; और

(ख) यदि हां, तो नया ट्रांसफार्मर कब तक लगा दिया जाएगा ?

शल्य चिकित्सा का प्रावधान

869 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि आयुर्वेद पद्धति में शल्य चिकित्सा का प्रावधान है; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में कितने पद इस कार्य हेतु सृजित किए गए हैं; उनमें से कितने पद भरे हैं और कहां-कहां पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

कंडक्टर मफ एन्गल्ज़ की कमी

870 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कुल्लू विद्युत मण्डल में कंडक्टर मफ एन्गल्ज़ इत्यादि का अभाव है; यदि हां, तो यह अभाव कब से है; और

(ख) एक बार रेट कॉन्ट्रेक्ट स्वीकृत होने के पश्चात् ऐसी सामग्री को खरीदने का अधिकार किसको है ?

कांस्टेबल की रिक्तियां

871 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल के जिलाशः कितने पद रिक्त हैं;

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) स्वीकृत पदों के जिलाशः आबंटन के क्या मापदण्ड हैं ?

बजट प्रावधान

872 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है की चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का तीसा विकास खण्ड आज भी प्रदेश में पिछड़े विकास खण्डों में पहले नम्बर पर आता है; यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में इस विकास खण्ड के विकास के लिए कोई अलग से योजना बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

जैविक कृषि को बढ़ावा

873 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं; ब्यौरा विधान सभावार दें?

गुरू रविदास योजना

874 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2014-15 में प्रदेश में गुरु रविदास योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि आबंटित की गई; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत इस योजना से किन-किन पंचायतों के लोगों को लाभ दिया गया; ब्यौरा दें ?

जलागम परियोजना

875 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में इन्दौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पंचायतों में जलागम परियोजना (Water-shed) का कार्य चल रहा है और किस-किस कार्य के लिए कितना-कितना व्यय किया जा रहा है; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

तारकोल बिछाना

876 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष लोक निर्माण उप-मण्डल इन्दौरा के अन्तर्गत किस-किस रोड़/लिंकरोड़ पर तारकोल बिछाई गई;

(ख) इस कार्य का ठेका किस-किस ठेकेदार को दिया गया; ब्यौरा सड़क व ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(ग) इन सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है और क्या उक्त ठेकेदारों को Full and Final Payment कर दी गई है या नहीं; ब्यौरा दें ?

शिमलाः 171004. | **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 17 मार्च, 2015. | **सचिव।**